देशपाल सिंह राठौर
राष्ट्रीय अध्यक्ष

राजपथ अभियान न्यास
पंजी. Regd. No. 715
RAJPATH ABHIYAN TRUST

राजपथ अभियान न्यास
RAJPATH ABHIYAN TRUST

लोकनीति विश्लेषण, स्थानीय जन संसद आयोजन, युवा राजनीतिक प्रशिक्षण, पंचायती राज प्रतिनिधि रिर्पोट कार्ड

दिनांकः 18.09.2020

प्रिय भाइयो और बहनो,

1. क्या आप बगैर किसी राजनीतिक दल में शामिल हुए राजनीति करना चाहते हैं?
2. क्या आप राजनेताओं के कार्यों का मूल्यांकन और निगरानी के आधार पर उनका रिपोर्ट कार्ड बनाना चाहते हैं?
3. क्या आप अपने भारत विकास एजेंडे पर लोकनीति विश्लेषण और नई विकास नीति तैयार करना चाहते हैं?
4. क्या आप अपने मूल अधिकारों के साथ–साथ राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का भी निर्वहन करना चाहते हैं?
5. क्या आप अपने आस–पास, अपने गांव, ग्राम पंचायत, जिले में वर्तमान लोक नीति के अनुसार स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक न्याय, असमानता और समान अवसर के लिए बदलाव चाहते हैं?

आइए हम सब मिलकर

राष्ट्रीय अभियान बनें, लोगों की आकांक्षाओं और आशाओं को समझें
तदनुसार कार्य कर भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाएं।

आत्मनिर्भर भारत मेरी जिम्मेदारी।
आएगी मेरे भी विकास की बारी ।।

ट्रस्ट निबंधन के समय पर मै ऐसा महसूस कर रहा था कि देश में राजनीतिक समझ वाले व्यक्तियों की बहुत कमी है, एक–एक व्यक्ति पर तीन–तीन पद हैं। एक ही व्यक्ति की विधायक व सांसद के रूप में अनेक बार पुनरावृति हो रही है। परिवार में अगर एक सांसद बन गया तो उन्ही का बेटा एमएलए बनेगा, उसकी बेटी या बहू ब्लाक प्रमुख बनेगी, उनके परिवार का ही व्यक्ति ग्राम प्रधान बनेगा व जिला पंचायत सदस्य बन कर वंशबेल बढ़ाते रहेंगे। राजनीतिक दल और बड़े नेतृत्व वाले लोग उस बरगद के वृक्ष के समान हैं जिनके नीचे कोई सक्षम नेतृत्व नहीं पनप सकता है। इन दलों और सक्षम नेतृत्व के नीचे ऊर्जावान कार्यकर्ता आते रहेंगे और उनकी मनमर्जी के अनुसार उखाड़ कर फेंके जाते रहेंगे। राजनीति में इस समय आम व्यक्ति के लिए भीड़ का हिस्सा बनने के अलावा कोई स्थान खाली नहीं है। यदि आप राजनीति मे, अपना स्थान बनाना चाहते हैं, तो आपको अपनी राजनीतिक समझ विकसित करनी होगी जिसके लिए राजनीतिक प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है। वंशवेल क्रम राज रजवाड़ों की तरह चला रहा है। हमें इस क्रम में सुधार करना है। हमें सभी के लिए समानता के अवसर उपलब्ध करने हैं। हमारा प्रयास होगा कि राजनीति में पढ़े लिखे और निष्ठावान व्यक्ति ही आएं जो भारत को महाशक्ति बनाने में विश्वास रखते हो, ताकि राजनीति कुछ खास परिवारों की निजी संपत्ति ;बपौतीद्ध बन कर न रह जाए। प्रशासन किसी नौकरशाह की मनमानी के अनुसार न चलकर संविधान के अनुसार चलें।

हम क्या हैं– हम न्यास/ट्रस्ट अधिनियम 1882 के अंतर्गत नई दिल्ली में पंजीकृत हैं। अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट WWW-rajpathabhiyan-org का अवलोकन किया जा सकता है।

हम क्या करेंगे– न्यास/ट्रस्ट अपनी पहुंच के अनुसार ग्राम पंचायतों नगर निगम वार्डों नगर पालिकाओं छावनी परिषदों (कैंटोनमेंट बोर्ड) में केंद्र सरकार और राज्य सरकारों की सरकारी नीतियों/लोकनीति, लोकप्रशासन का प्रचार प्रसार करने के लिए अपने स्वयंसेवकों को मनोनीत करेगा। यह स्वयंसेवक ग्राम पंचायतों नगर निगम वार्डों, नगर पालिकाओं छावनी परिषदों में सरकारी योजनाओं के पात्र लाभार्थियों की पहचान करने में पंचायत प्रतिनिधियों एवं सरकारी अधिकारियों के साथ सहयोग करेंगे एवं ग्राम पंचायतों द्वारा नरेगा मनरेगा नीति के अंतर्गत कराए जा रहे विकास कार्यों का भी अध्ययन करेंगे।

web : rajpathabhiyan.org
पत्राचार: 23/672, भूतल, डी.डी.ए. फ्लैट, मदनगीर, नई दिल्ली–110062
Communication Address : 23/672, Ground Floor, D.D.A. Flat, Madangir, New Delhi-110062
Tel.: 9899496782, Email : rajpathabhiyan@gmail.com,dpsinghrathore@gmail.com

हम कैसे करेंगे– न्यास/ट्रस्ट अपने कक्षा 10 उत्तीर्ण एवं अधिक पढ़े लिखे स्वयं सेवकों को ग्राम पंचायतों, क्षेत्र पंचायतों जिला पंचायतों, निगम पाषर्द/सभासद तथा विधान सभा सदस्य एवं संसद सदस्य का चुनाव लड़ने के लिए प्रशिक्षित एवं प्रेरित करने का कार्य करेगा। यह प्रशिक्षण भारत भ्रमण विकास यात्रा के द्वारा किया जाएगा।

भारत विश्व की सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक है जिसमें बहुरंगी विविधता और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत है। आज़ादी पाने के बाद भारत ने बहुआयामी सामाजिक और आर्थिक प्रगति की है। भारत कृषि में आत्मनिर्भर बन चुका है और अब दुनिया के सबसे औद्योगीकृत देशों की श्रेणी में भी इसकी गिनती की जाती है। विश्व का सातवां बड़ा देश होने के नाते भारत शेष एशिया से अलग दिखता है जिसकी विशेषता पर्वत और समुद्र ने तय की है और ये इसे विशिष्ट भौगोलिक पहचान देते हैं। हालांकि भारतीय लोकतंत्र को अपने कार्य के लिए दुनिया भर में सराहा जाता है फिर भी इसमें उत्तरदायी शासन की अभी भी बहुत आवश्यकता है।

न्यास का मानना है कि उत्तरदायी शासन तभी संभव है जब नागरिक केवल मत–पेटी तक ही सीमित न रहकर राजनीतिक रूप से सक्रिय भागीदारी करें। मतदाता का कर्तव्य है कि वह सरकारी और चुने हुए प्रतिनिधियों के कार्य को एकजुट करने का प्रयास करें।

शासन विधि की खामियों के लिए केवल सरकार ही जिम्मेदार नहीं है बल्कि अनभिज्ञ अलग–थलग पड़े निर्वाचित प्रतिनिधि और प्रशासन भी जिम्मेदार हैं। दूसरा बड़ा कारण मतदाता और स्थानीय सरकार के बीच प्रभावी संवाद का नितांत अभाव है।

देश के अधिकांश राज्यों में मतदाता के मूक गवाह बनने के कारण ऐसा प्रतीत होता है कि वह सरकार और निर्वाचित प्रतिनिधियों से निराश व असंतुष्ट हो चुका है जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण किसी भी राज्य में 100 प्रतिशत मतदान का न होना एवं नोटा में बढ़ती हुई मत संख्या है। देश में एक प्रचलन बन गया है कि चुनावी उम्मीदवार चुनावों के समय ही नागरिक की बात सुनते हैं। चुनाव का समय ही वह समय होता है जब निर्वाचित प्रतिनिधि उस अवधि में प्रदर्शन के लिए मतदाताओं द्वारा आकलित किया जाता है। शासन की बढ़ती समस्याओं और नागरिकों की लगातार बढ़ती जरूरतों को देखते हुए निर्वाचित प्रतिनिधियों की कार्यप्रणाली का मूल्यांकन और सतत संवाद अति आवश्यक है। चुनावी प्रक्रिया में एक मतदाता अपने मत का समर्थन विभिन्न पहलुओं से निर्धारित करता है जैसे कि उनके अनुभव, राजनीतिक संबंध, उनकी विचारधारा और उसकी जाति।

वर्तमान 6 वर्षों को छोड़कर पिछले दशकों में हमने विभिन्न कारणों से प्रशासन की गुणवत्ता में लगातार गिरावट देखी है। इसके प्रमुख कारण परिवारवाद की राजनीति और राजनीति का व्यवसायीकरण तथा अपराधीकरण है जिससे हमारे देश में शासन का बहुत अधिक अभाव पैदा हो गया है, बढ़ती हुई अशिक्षित, कौशलविहीन जनसंख्या भी इसका बड़ा कारण है। सतत संवाद और निर्वाचित प्रतिनिधियों के कार्य के निष्पादन का मूल्यांकन समय की आवश्यकता बन गया है। हमें विश्वास है कि ग्राम पंचायत से लेकर संसद तक प्रत्येक निर्वाचित प्रतिनिधि का वार्षिक प्रगति पत्र बनाया जाने लगे तो उनमें स्वतः ही सुधार हो जाएगा। आम नागरिक आज मूक मतदाता है, वह मतदाता जब सरकारी कार्य में अपनी जनभागीदारी सुनिश्चित करेगा तो बहुमूल्य राय प्रदाता बन सकता है।

सरकारी कार्यों में जैसे–जैसे जन भागीदारी बढ़ेगी वैसे–वैसे न केवल दिल्ली में बल्कि देशभर में निर्वाचित प्रतिनिधियों के प्रदर्शन के मानक स्थापित होने शुरू हो जाएंगे।

भारत की लोकतांत्रिक कार्यप्रणाली

भारत एक लोकतांत्रिक देश है। 1947 में अंग्रेजों के औपनिवेशिक शासन से स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद भारत को एक लोकतांत्रिक राष्ट्र घोषित किया गया था। आज के समय में हमारे देश को ना सिर्फ विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रुप में जाना जाता है बल्कि इसे विश्व के लोकतंत्रों में से एक सफल लोकतंत्र के रुप में भी जाना जाता है।

भारतीय लोकतंत्र का एक संघीय रूप है जिसके अंतर्गत केंद्र में एक सरकार जो संसद के प्रति उत्तरदायी है तथा राज्य के लिए अलग–अलग सरकारें हैं जो उनके विधानसभाओं के लिए समान रूप से जवाबदेह हैं। भारत के राज्यों में नियमित अंतराल पर चुनाव आयोजित किए जाते हैं। इन चुनावों में कई पार्टियां केंद्र तथा राज्यों में जीतकर सरकार बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा करती हैं। अक्सर लोगों को सबसे योग्य उम्मीदवार का चुनाव करने के लिए अपने

मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया जाता है लेकिन भारतीय राजनीति में जातीय समीकरण एक बड़ा कारक होने के कारण ऐसा हो नहीं पाता है।

भारतीय लोकतंत्र का मतलब केवल वोट देने का अधिकार ही नहीं बल्कि सामाजिक और आर्थिक समानता को भी सुनिश्चित करना है ताकि लोकतंत्र को सही मायनों में परिभाषित किया जा सके। सरकार को लोकतंत्र को सफल बनाने के लिए निरक्षरता, गरीबी, सांप्रदायिकता, जातिवाद के साथ–साथ लैंगिग भेदभाव को खत्म करने के लिए भी काम करना चाहिए।

भारतीय लोकतंत्र पांच लोकतांत्रिक सिद्धांतों पर काम करता हैः

1. **संप्रभुः** इसका अर्थ है कि भारत किसी भी विदेशी शक्ति के हस्तक्षेप या नियंत्रण से मुक्त है।
2. **समाजवादीः** इसका अर्थ है कि सभी नागरिकों को सामाजिक और आर्थिक समानता प्रदान करना।
3. **धर्मनिरपेक्षताः** इसका अर्थ है किसी भी धर्म को अपनाने या सभी को अस्वीकार करने की आजादी।
4. **लोकतांत्रिकः** इसका अर्थ है कि भारत सरकार अपने नागरिकों द्वारा चुनी जाती है।
5. **गणराज्यः** इसका अर्थ है कि देश का प्रमुख एक वंशानुगत राजा या रानी नहीं है।

न्यास का मत है कि भारतीय लोकतंत्र में निम्न क्षेत्रों में सुधार की अत्यंत आवश्यकता है।

1. गरीबी उन्मूलन।
2. साक्षरता को बढ़ावा देना।
3. लोगों को शत प्रतिशत ;100ः द्ध मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करना।
4. लोगों को सही उम्मीदवार चुनने के लिए शिक्षित करना।
5. बुद्धिमान और शिक्षित लोगों को नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित करना।
6. सांप्रदायिकता का उन्मूलन करना।
7. निष्पक्ष और जिम्मेदार मीडिया सुनिश्चित करना।
8. निर्वाचित सदस्यों के कामकाज की निगरानी व मूल्यांकन करना।
9. लोकसभा तथा विधानसभाओं में ज़िम्मेदार विपक्ष का निर्माण करना।

लोकतंत्र वह शासनतंत्र होता है जहाँ वास्तव में सामान्य जनता या उसके बहुमत की इच्छा से शासन चलता है। आज विश्व के अधिकांश देश गणराज्य हैं और इसके साथ–साथ लोकतान्त्रिक भी। भारत स्वयं एक लोकतान्त्रिक गणराज्य है।

उपर्युक्त विवरण से स्पष्ट हो जाता है कि व्यापक अर्थ में जीवन केवल राजनीतिक व्यवस्था ही नहीं है, अपितु एक आदर्श जीवनयापन का ढंग है जिससे मानवीय जीवन के राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक आदि प्रत्येक क्षेत्र पूर्णतया प्रभावित होते हैं। दूसरे शब्दों में, लोकतंत्र ऐसी व्यवस्था है जिसमें प्रत्येक व्यक्ति को स्वतंत्र रूप से चिन्तन, मनन तथा कार्य करने का समान अवसर प्राप्त होता है। न्यास के मतानुसार यदि आम जन अपने दिन–प्रतिदिन के जीवन के क्रिया–कलापों में तथा व्यवहार में लोकतंत्रीय दर्शन को अपना ले तो उसमें केवल राष्ट्रीय चेतना ही नहीं अपितु अंतर्राष्ट्रीय सद्भावना भी विकसित हो जाएगी जिसमें सम्पूर्ण मानव जाति का कल्याण निहित है।

आम भारतीय जन को देश की लोकनीति, विश्लेषण और निर्माण को भी समझना अति आवश्यक है।

1. **संविधान**– भारत में व राज्यों में लोकनीति निर्माण की प्रथम शर्त यह है कि वह संविधान की मूल भावना के विरुद्ध न हों।संविधान की प्रस्तावना व नीति–निर्देशक तत्त्व विभिन्न नीतियों के प्रेरणा स्त्रोत हैं।
2. **संसद**– भारतीय संसद बजट , अनुदान पूरक मांगें , राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा, प्रश्नकाल ,नये कानूनों की स्वीकृति आदि के माध्यम से नीति –निर्माण में भागीदारी करती है। महत्वपूर्ण एवं बड़े नीतिगत फैसलों में संसद की सहमति आवश्यक है। भारत में वैसे तो संघात्मक शासन प्रणाली है परंतु केंद्र को अधिक अधिकार हैं तथा राज्यों को न्यून अधिकार हैं।

3. **मंत्रिमंडल**– संसद में प्रस्तुत किये जाने वाले किसी भी सरकारी विधेयक के लिए मंत्रिमंडल की सहमति आवश्यक है।इस प्रकार मंत्रिमंडल नीति निर्माण का महत्वपूर्ण स्त्रोत है। संसद द्वारा पारित अधिनियमों के आधीन उनके क्रियान्वयन सम्बन्धी सभी नीतियां मंत्रिमंडल द्वारा बनाई जाती हैं।

4. **राष्ट्रीय विकास परिषद**– परिषद का पदेन अध्यक्ष प्रधानमंत्री होता है तथा सभी राज्यों के मुख्यमंत्री भी सदस्य होते हैं। राष्ट्रीय विकास परिषद में राज्यों को अपना पक्ष रखने का मौका मिलता है। पंचवर्षीय योजनाओं के निर्माण में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

5. **न्यायपालिका**– विभिन्न मसलों पर न्यायालय के फैसले एवं सुझाव लोकनीतियों के निर्माण में सहायक होते हैं, कई विशिष्ट मामलों में संविधान के अनुच्छेद 138 तथा 143 के तहत सर्वोच्च न्यायालय से सलाह ली जाती है। हालांकि संविधान संशोधन को वैध या अवैध ठहराने का अंतिम अधिकार भी सर्वोच्च न्यायालय का है।

6. **राजनैतिक दल**– भारत मे बहुदलीय शासन व्यवस्था है प्रत्येक राजनैतिक दल का अपना–अपना मेनिफेस्टो होता है। सत्ताधारी दल अपने मैनिफेस्टो के अनुसार नीतियां तैयार करते हैं।

7. **परामर्शदात्री समितियां**– सरकार द्वारा समय–समय पर गठित स्थायी एव अस्थायी समितियां सरकार को सुझाव एव सिफारिशें सौंपती हैं जिसके आधार पर उस सम्बन्ध में नीति–निर्धारण कर जन–समूह की आकांक्षाओं को पूरा करते हैं।

8. **दबाव समूह**– सामान्य हित के आधार पर बने संगठन समूह नीतियों को अपने अनुकूल बनाने के लिए हर सम्भव कोशिश करते हैं एवं आंदोलन या वोट बैंक के माध्यम से, सहयोग या असहयोग के माध्यम से सरकार पर दबाव बनाए रखते हैं। ट्रेड यूनियन, छात्र संघ, अल्पसंख्यक मोर्चा, महिला उत्पीड़न संघ, कर्मचारी संगठन आदि दबाव समूह के उदाहरण हैं।

9. **मीडिया या जन–संचार के साधन**– वर्तमान में जन–संचार माध्यम जनमत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। स्वतन्त्र मीडिया सरकारी कार्यक्रमों , नीतियों एव सरकार की अच्छाई –बुराई की स्वतंत्र समीक्षा कर अप्रत्यक्ष रूप से निगरानी का कार्य करता है। नीति–निर्माण में मीडिया की राय अहम है। मीडिया स्वयं एक सशक्त दबाव समूह है। यह नीतियों को प्रभावित करने में निर्णायक भूमिका निभा रहा है।

आम भारतीय जन को देश की कार्यपालिका, विधायिका और इनसे संबंधित अन्य निकायों के बारे में समझने की अति आवश्यकता है।

1. **कार्यपालिका**–संघीय कार्यपालिका में राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति और राष्ट्रपति को सहायता करने एवं सलाह देने के लिए अध्यक्ष के रूप में प्रधानमंत्री के साथ मंत्रिपरिषद शामिल हैं।

2. **राष्ट्रपति**–राष्ट्रपति का चुनाव निर्वाचिका के सदस्यों द्वारा किया जाता है जिसमें संसद के दोनों सदनों के चयनित सदस्य, समानुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के अनुसार राज्यों में विधान सभा के सदस्यों के द्वारा एकल अंतरणीय मत के द्वारा होता है। राज्यों के बीच परस्पर एकरूपता लाने के लिए तथा सम्पूर्ण रूप से राज्यों और केंद्र के बीच संगति लाने के लिए प्रत्येक मत को उचित महत्व दिया जाता है।

   केंद्र की कार्यपालिका शक्ति राष्ट्रपति को प्राप्त है और उसके द्वारा प्रत्यक्ष रूप से या उसके आधीन अधिकारियों के जरिए संविधान के अनुसार अधिकार का प्रयोग किया जाता है। संघ के रक्षा बलों का सर्वोच्च शासन भी उसी का होता है।

3. **उप राष्ट्रपति**–उप राष्ट्रपति का चुनाव निर्वाचिका के सदस्यों द्वारा होता है जिसमें एकल हस्तांतरीय मत द्वारा समानुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के अनुसार संसद के दोनों सदनों के सदस्य होते हैं। उप राष्ट्रपति राज्य सभा का पदेन सभापति होता है।

4. **मंत्री परिषद**–राष्ट्रपति को उनके कार्यों में सहायता करने और सलाह देने के लिए प्रधानमंत्री के नेतृत्व में मंत्री परिषद होती है। प्रधानमंत्री की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है वह मंत्री की सलाह पर अन्य मंत्रियों की भी नियुक्ति करता है। परिषद सामूहिक रूप से लोक सभा के प्रति उत्तरदयी होती है। संघ के प्रशासन या

कार्य और उनसे संबंधित विधानों और सूचनाओं के प्रस्तावों से संबंधित मंत्रिपरिषद के सभी निर्णयों की सूचना राष्ट्रपति को देना प्रधानमंत्री का कर्तव्य है। मंत्री परिषद में मंत्रीपरिषद के मंत्री, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), राज्य मंत्री होते हैं।

विधायिका–संघ की विधायिका को संसद कहा जाता है। यह राष्ट्रपति और दो सदनों, जो राज्य परिषद (राज्य सभा) और जनता का सदन (लोक सभा) कहलाते हैं, से बनती है। प्रत्येक सदन को इसके पिछली बैठक के बाद छह माह के अंदर बैठना होता है। कुछ मामलों में दो सदनों की संयुक्त बैठक की जा सकती है।

1. **राज्य सभा**–संविधान में यह व्यवस्था है कि राज्य सभा में 250 सदस्य होंगे उनमें से 12 सदस्य राष्ट्रपति द्वारा नामित होंगे जिन्हें साहित्य, विज्ञान, कला और सामाजिक सेवा के संबंध में विशेष जानकारी या व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हो।
2. **लोक सभा**–लोक सभा जनता के प्रतिनिधियों की सभा है जिनका चुनाव वयस्क मतदान के आधार पर प्रत्यक्ष चुनाव के द्वारा होता है। वर्तमान में लोक सभा में 545 सदस्य हैं। लोक सभा का कार्यकाल जब तक कि इसे पहले भंग न किया जाए इसकी पहली बैठक से नियुक्ति की तारीख से पांच वर्ष का होता है।
3. **संसद के कार्य और अधिकार**– भारत की संसद के विधायिका के कार्डिनल कार्य, प्रशासन की देखभाल, बजट पारित करना, लोक शिकायतों की सुनवाई और विभिन्नं मुद्दों पर चर्चा करनी होती है जैसे विकास योजनाएं, राष्ट्रीय नीतियां, और अंतरराष्ट्रीय संबंध। केन्द्र और राज्यों के बीच अधिकारों का वितरण, जो संविधान में बताए गए हैं। अनेक प्रकार से संसद का सामान्य प्रभुत्व विधायी क्षेत्र पर है। सभी विधानों को संसद के दोनों सदनों की स्वीकृति आवश्यक है।
4. **युवा संसद प्रतिस्पर्धा**–युवा पीढी में लोकतंत्र की बुनियाद विकसित करने के लिए मंत्रालय द्वारा विद्यालयों और महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों की विभिन्नि श्रेणियों में युवा संसद प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया जाता है। युवा संसद योजना को सर्व प्रथम 1966–67 में दिल्ली के विद्यालयों में आरंभ किया गया था।

लोकनीति, विश्लेषण और कार्यान्वयन एवं विधायी कार्यों में जन भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए न्यास अपने सदस्यों को निम्न तीन स्तरों पर प्रशिक्षित करेगा।

1. प्राथमिक स्तर ;जिला स्तरद्ध
2. माध्यमिक स्तर ;राज्य स्तरद्ध
3. स्नातक स्तर ;राष्ट्रीय स्तरद्ध
4. न्यास प्रशिक्षण कार्यक्रम विकासखंड, तहसील, जिला, मंडल प्रदेशों अन्य राज्यों व राष्ट्रीय राजधानी में भी आयोजित किया जाएगा। तीनों स्तरों पर सदस्यों को प्रशिक्षत करने के लिए आदर्श प्रतिष्ठानों का शैक्षणिक भ्रमण, विधान सभाओं और संसद का भ्रमण कराया जाएगा। विकास यात्रा भ्रमण के माध्यम से एक प्रदेश की विधानसभा अन्य सरकारी प्रतिष्ठानों का भ्रमण तथा प्रसिद्ध मंत्री, समाजसेवी व्यवसायी आदि से भेंटवार्ता करवाई जाएगी। कुछ वर्षों के बाद ग्लोबल विकास यात्रा अर्थात् 5 देशों की यात्रा करवाई जाएगी जिसमें विकसित राष्ट्र व संयुक्त राष्ट्र संघ की परियोजनाएं भी शामिल होंगी।
5. न्यास के प्रत्येक सदस्य को लोकनीति, विश्लेषण और अध्ययन, सार्वजनिक नीति, कार्यान्वयन, सरकारी नीति निर्माण, प्रभाव और कार्यान्वयन का अध्ययन कराया जाएगा। ग्राम पंचायत, नगर निगम, नगर पालिका, विकासखंड तथा जिला प्रबंधन का प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।
6. न्यास अपने सदस्यों को विकास का इंजन बनाने के साथ–साथ विभिन्न स्तरों पर निगरानी व सतर्कता के अग्रदूत के रूप में स्थापित करेगा तथा पंचायती राज संस्थाओं विधान सभा सदस्य तथा संसद सदस्य का चुनाव लड़ने के लिए प्रशिक्षित और प्रेरित करेगा।
7. जब आप प्रायोगिक रूप से शिक्षित होंगे तभी देश में सदियों से व्याप्त अनियमितताएं समाप्त कर शिक्षा, उद्योग और राजनीति में अपना स्थान बना पाएंगे।

8. विधानसभा सत्रों, संसदीय सत्रों के समापन के बाद उनमें कृत कार्यवाही के विश्लेषण के लिए जगह–जगह जन संसद आयोजित की जाएंगी।

9. न्यास अपने सदस्यों के परिवारों तक अपना संबंध बढ़ाएगा, परिवार सदस्यों को शिक्षा और व्यवसाय के क्षेत्र में मार्गदर्शन करेगा।

10. न्यास की सदस्यता राष्ट्र स्तर पर द्वार खोलने के साथ–साथ आपके पूरे परिवार के लिए विश्व के द्वार भी खोलेगी।

आइये हम सब मिलकर स्वराज्य के लिए राष्ट्रीय अभियान बनें लोगों की आकांक्षाओं और आशाओं को समझें तदनुरूप कार्य कर भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाएं।

आत्मनिर्भर भारत मेरी जिम्मेदारी ।
मैं बदलूंगा तो जग बदलेगा ।।

फोन नंबरः 9899112882, 9899496782, 9899112832

ईमेल : rajpathabhiyan@gmail.com, dpsinghrathore@gmail.com

वंदे मातरम, जय भारत जय हिंद

सादर



देशपाल सिंह राठौर
राष्ट्रीय अध्यक्ष/मुख्य प्रबंध न्यासी/प्रस्तावक
राजपथ अभियान न्यास

फॉर्म 'क'

काल–खण्ड..... दिनांक..... क्र.सं0.....

"**राजपथ अभियान न्यास**" ..... प्रदेश.....

सक्रिय सदस्यता आवेदन–पत्र

मै भारत का नागरिक हूँ ☐ मेरी आयु 18 से अधिक है ☐

मै दिवालिया एवं नैतिक अपराध का दोषी नही हुँ ☐ मैने कक्षा .....उत्तीर्ण किया है।

मैं ..... "**राजपथ अभियान न्यास**" का सदस्य/सदस्या बनना चाहता/चाहती हूँ। मेरी आयु 18 वर्ष से अधिक है।

नाम ..... जन्म तिथि.....

पिता/पति का नाम ..... लिंग : पुरुष..... स्त्री.....

व्यावसायिक शिक्षा ..... शिक्षा ..... सामाजिक वर्ग .....

कारोबार का पता..... जिला..... स्थाई पता .....

संसदीय क्षेत्र नाम.....क्रमाक..... वर्तमान पता .....

विधान सभा नाम .....क्रमाक .....

शहर..... विकास खंड..... थाना ..... तहसील .....

पिन कोड..... वार्ड/ग्राम.....

दूरभाष ..... मतदान केंद्र नं0..... ई–मेल..... व्यवसाय.....

आधार कार्ड संख्या ..... चुनाव पहचान पत्र संख्या .....

आपके निवास स्थान से 25 किमी. की परीधि में स्थित प्रसिद्ध स्थल (Land Mark).....

व्यावसायिक प्रतिष्ठान, सरकारी कार्यालय, गन्ना मिल (Sugar Factory) .....

सदस्य बनाने वाले व्यक्ति प्रार्थी के हस्ताक्षर/अंगूठे का निशान .....

अनुमोदन कर्ता का नाम.....

अनुमोदन कर्ता का हस्ताक्षर.....

Form A

Time period..... Date ..... Serial Number .....

Rajpath Abhiyan Trust..... State.....

Active membership application form

That I am Indian citizen ☐ My age is above 18 year ☐

I have not been involved in any immoral and financial crime ☐ I am class ..... passed

I ..... wish to be a Active member of **Rajpath Abhiyan Trust,** I will follow the constitution of Rajpath abhiyan trust .

Name .....Date of Birth .....

Father/Husband Name .....

Male..... Female..... Professional Education .....

Social Section..... Business Address..... District .....

Permanent Address .....

Name of Lok Sabha Constituency..... No.....

Name of Legislative Assembly..... N.....City.....

Development Block.....Police Station.....Tahsil ..... pincode.....

Corporation ward Gram Panchayat .....Election booth centre .....

Mobile no. ----------email address.....Business .....

Aadhar Card No. ..... Voter ID Card No. .....

Name of any famous place within 25 kilometre from your residence..... any big Commercial establishment near your residence .....

Primary membership Fees Rupees 1000 (One thousand)

सदस्यता शुल्क

सक्रिय सदस्य ₹1000 सदस्यता फार्म के साथ जमा करेंगे यह शुल्क 3 वर्षों के लिए लागू होगा।

प्रदेश स्तर पर कार्य करने के लिए ₹5000 आजीवन

राष्ट्रीय स्तर पर कार्य करने के लिए ₹10000 आजीवन

संरक्षक सदस्य ₹100000 आजीवन

कोई ऐसा व्यक्ति जो कक्षा 10 पास है एवं ट्रस्ट के साथ समाज सेवा करना चाहता है और वह ₹1000 एक बार में देने में असमर्थ है तब यह शुल्क दो बार में दिया जा सकता है अथवा चार लोग मिलकर सदस्यता ले सकते हैं लेकिन ट्रस्ट का पहचान पत्र एक ही व्यक्ति को दिया जाएगा जो सक्रिय सदस्य कहलाएगा बाकी तीन सदस्य सदस्य कहलाएंगे।

कोई भी योग्य व्यक्ति जो प्रदेश स्तर पर कार्य करने का इच्छुक है एवं ₹5000 एक बार में देने में असमर्थ है तो वह यह सदस्यता शुल्क दो बार में दे सकता है।

कोई भी योग्य व्यक्ति जो राष्ट्र स्तर पर कार्य करने का इच्छुक है और एक बार में ₹10000 देने में असमर्थ है वह व्यक्ति 2 वर्ष में शुल्क अदा कर सकते हैं।

ट्रस्ट को एक बार में ₹10000 सदस्यता शुल्क देने वाले व्यक्ति को व्यक्ति को स्नातक स्तर का राजनीतिक प्रशिक्षण प्रमाण पत्र दिया जाएगा। ऐसे व्यक्ति को ऑनलाइन पढ़ाई और काउंसलिंग की सुविधा दी जाएगी स्टडी मटेरियल वीडियो के रूप में उपलब्ध रहेगा। वीडियो इन्हें उपलब्ध भी करवाए जाएंगे एवं ऑनलाइन लाइब्रेरी की सुविधा भी उपलब्ध करवाई जाएगी।

अपनी योग्यता, क्षमता और अनुभव के अनुसार ट्रस्ट में कार्य करने के लिए अपने स्तर का चुनाव करें।

जिला स्तर ☐
प्रदेश स्तर ☐
राष्ट्र स्तर ☐

सदस्यता शुल्क बैंक खाते में जमा होने के बाद वापस नहीं किया जाएगा।

प्रार्थी के हस्ताक्षर .....

Bank Detail :
STATE BANK OF INDIA
Account No. (CA): 39608584964
IFSC: SBIN0003771
Add.: Rail Bhawan, Ministry of Rail, New Delhi - 110001 PH
Phone No. : 011-23389733

EMAIL: SBI.03771@SBI.CO.IN
(Membership form and bank deposit slip/online transaction number should be send through whatsapp or email)

जीवन वृत

नाम : देशपाल सिंह राठौर

पिता का नाम : स्व० श्री दुर्गपाल सिंह राठौर

माता का नाम : श्रीमती सुशीला देवी

जन्म तिथि : 22–01–1967

पता : 23/672, भूतल, डी डी ए फ्लेट, मदनगीर, नई दिल्ली–110062
: 09899112882, 9899496782 (Whatsapp and Tango),
ईमेल : dpsinghrathore@gmail.com, ceoapnews@gmail.com

शैक्षिक योग्यता

1. वी.एस.सी. रुहेलखण्ड विश्व विद्यालय – बरेली उत्तर प्रदेश
2. स्नातकोत्तर डिप्लोमा, कम्प्युटर एपलीकेशनस – कुरुक्षेत्र कालेज, नई दिल्ली
3. स्नातकोत्तर डिप्लोमा, सेल्स एवं मार्केटिंग – इंदिरा गांधी रा० मु०, विश्वविद्यालय, नई दिल्ली
4. डेयरी एवं पशुपालन में डिप्लोमा – राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान करनाल, हरियाणा
5. एन.सी.सी. बी सटीफिकेट – बरेली कालेज, बरेली
6. स्नातकोत्तर डिप्लोमा जर्नलिजम एवं मास कम्युनिकेशन अध्यनरत इदिरा गांधी रा० मु०, विश्वविद्यालय, नई दिल्ली

हिंदी सलाहकार समिति इस्पात मंत्रालय

- 15–11–2016 को इस्पात मंत्रालय भारत सरकार की हिंदी सलाहकार समिति में अनुमोदित सदस्य विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में नामित किया गया था मंत्रालय द्वारा आयोजित हिंदी सलाहकार समिति की सभी बैठकों में भाग लिया जो 15. 11 .2016 से 30 मई 2019 तक निम्न तिथियों को आयोजित हुई थी।
- पहली बैठक 19 नवंबर 2016 इंडिया हैबिटेट सेंटर मैगनोलिया हाल नई दिल्ली।
- दूसरी बैठक 11 सितंबर 2017 अशोक होटल नई दिल्ली।
- तीसरी बैठक 5 जुलाई 2018 इंदौर मध्य प्रदेश।
- चौथी बैठक 21 जनवरी 2019 औरंगाबाद महाराष्ट्र।
- तथा राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड विशाखापट्टनम इस्पात संयंत्र विशाखापट्टनम के हिंदी समन्वयक सम्मेलन में विशेष अतिथि के रूप में 27 दिसंबर 2016 को विशाखापट्टनम में आमंत्रित किया गया।
- राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड के क्षेत्रीय कार्यालय नई दिल्ली में आयोजित हिंदी समारोह सम्मेलन के उद्घाटन के लिए 12 सितंबर 2018 को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया।

विभिन्न संस्थाओं द्वारा सम्मान

1. समाज सेवा रत्न सम्मान–2012: अखिल भारतीय स्वतंत्र लेखक मंच महाकवि बिहारी लाल स्मृति समारोह सम्मेलन 2012 में समाजसेवा रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया।
2. राजभाषा गौरव सम्मान 2014: अखिल भारतीय कवि सभा द्वारा 14 सितम्बर 2014 को राजभाषा गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया।
3. स्वामी विवेकानंद एवं सिस्टर मार्गरेट अवॉर्ड 2016: समाज सेवा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्वामी विवेकानंद एवं सिस्टर मार्गरेट अवॉर्ड 2016 समाज 1 जुलाई 2016 को सम्मानित किया गया।
4. अध्यात्म रत्न सम्मान–2016: आध्यात्मिक पथ मासिक पत्रिका द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 31 जुलाई 2016 को अध्यात्म रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया।
5. नागरी सेवा सम्मान–2017: नागरी लिपि परिषद पंजीकृत द्वारा 11–10–2017 को नागरी लिपि सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया।
6. मानव अधिकार संरक्षण रत्न सम्मान 2018: अखिल भारतीय मानवाधिकार निगरानी समिति पंजीकृत द्वारा 10 दिसंबर 2018 को आयोजित कार्यक्रम में मानव अधिकार संरक्षण रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया।

राजभाषा हिंदी प्रचार

राजभाषा हिंदी प्रचार प्रसार के लिए 50 राष्ट्रीय कार्यक्रम (हिंदी दिवस) एवं विश्व हिंदी दिवस व सांस्कृतिक कार्यक्रम–राष्ट्रीय आयोजन

हिंदी संगोष्ठी कवि सम्मेलन सहित तिरुवनन्तपुरम केरल में अखिल भारतीय राजभाषा हिंदी सम्मेलन एवं कार्यशाला 26–28 मई 2016, उदय समुद्र लीज्योर बीच होटल एंड़ स्पा, कोवलम 110 सरकारी प्रतिभागियों का राष्ट्रीय आयोजन। 2–4, अक्टूबर 2016 गोवा, 12–14, अक्टूबर 2017 पुरी, ओडिशा, 18–20, फरवरी 2019, पुरी, ओडिशा, 30,31 मई व 1 जून 2019 तिरूवनन्तपुरम, केरला।

लेखन

राजभाषा प्रबंधन पुस्तक

इस पुस्तक में भारत सरकार की राजभाषा नीति को सफलता पूर्वक कार्यान्वित करने के लिए कुशल प्रबंधन के उपाय दिए गए हैं। साथ ही भारत सरकार की राजभाषा नीति, उत्कृष्ट राजभाषा कार्यान्वयन के 21 सूत्र देवनागरी लिपि और हिंदी की मानक वर्तनी, हिंदी में श्रेष्ठ नोटिंग करने के उपाय, हिंदी में अच्छे मसौदा तैयार करने के तरीके उदाहरण सहित दिए गए हैं।

संपादन

अंतिम प्रवक्ता मासिक पत्रिका एवं पोर्टल दैनिक का 12 वर्षों से निरंतर संपादन। www.antimpravakta.com

यूट्यूब चैनल Antim Pravakta Media Product and Services Pvt. Ltd.

राष्ट्रभाषा भारती स्मारिका छमाही 16 वर्षों निरंतर संपादन। www.parivartanjankalyansamiti-delhi.org

समाज सेवा

संस्थापक अध्यक्ष परिवर्तन राजभाषा अकादमी (न्यास)
राजभाषा, मानव अधिकार, श्रम कल्याण, महिला एवं बाल विकास
आर्य समाज– उपाध्यक्ष, आर्य समाज मंदिर, मदनगीर, नई दिल्ली
उपाध्यक्ष– दिल्ली हिंदी साहित्य सम्मेलन, नई दिल्ली

मीडिया एवं राजनैतिक सलाहकार

श्री लक्ष्मण गिलुवा, माननीय पूर्व सांसद सदस्य, लोकसभा, पूर्व सांसद श्री भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, पूर्व सांसद श्री राघुराज सिंह शाक्य, पूर्व सांसद कै० जयनारायण प्रसाद, निषाद एवं पूर्व सांसद श्री कमल किशोर

श्री विष्णुदेव साई, माननीय इस्पात राज्य मंत्री भारत सरकार के साथ हिंदी सलाहकार समिति की बैठक, औरंगाबाद

श्री संतोष कुमार गंगवार माननीय श्रम मंत्री, स्वतंत्र प्रभार भारत सरकार के साथ देशपाल सिंह राठौर दीप प्रज्जवलित करते हुए

श्री संतोष कुमार गंगवार माननीय श्रम मंत्री, स्वतंत्र प्रभार
भारत सरकार के साथ देशपाल सिंह राठौर

मंचासीन डॉ. जितेन्द्र सिंह, माननीय केन्द्रिय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार),
देशपाल सिंह राठौर, संस्था अध्यक्ष एवं श्री आर पी सिंह

श्री माता प्रसाद पूर्व राज्यपाल अरूणाचल प्रदेश, श्री श्याम जाजू
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा व श्री अशोक कुमार चौहान पूर्व विधायक
के साथ देशपाल सिंह राठौर, डॉ. जीवीएस प्रसाद निदेशक कार्मिक
(राष्ट्रीय स्पात निगम) को सम्मानित करते हुए

श्री धमेन्द्र प्रधान, माननीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक
गैस व इस्पात राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार, भारत सरकार के
साथ भेट वार्ता करते हुए श्री देशपाल सिंह राठौर

हिंदी सलाकार समिति बैठक, इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार
11 सितम्बर 2017, अशोक होटल, नई दिल्ली

श्री मुख्तार अब्बास नकवी, केन्द्रीय अल्प संख्यक राज्य मंत्री,
भारत सरकार के साथ मंचासीन देशपाल सिंह राठौर

श्री देशपाल सिंह राठौर को पुष्प गुच्छ देते हुए श्री संतोष कुमार गंगवार,
माननीय श्रम राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), भारत सरकार

केन्द्रीय मंत्री श्री मुख्तार अब्बास नकवी के साथ
सम्मान वितरण करते हुए देशपाल सिंह राठौर

श्री पारस सरवइया, अनुभाग अधिकारी, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार को श्रीमती अनीता जोशी, एनडीएमसी नई दिल्ली, श्री गजेन्द्र कुमार मेसी, समूह महा प्रबंधक, रेलवे सूचना प्रणाली के साथ प्रतिभागिता प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए देशपाल सिंह राठौर

हिंदी सलाहकार समिति बैठक, इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार
5 जुलाई 2018, इंदौर, मध्य प्रदेश

श्री अजय निषाद, संसद सदस्य, लोकसभा के साथ देशपाल सिंह राठौर

15वें श्रमिक सम्मेलन का उद्दघाटन करते हुए डॉ. सुनील बलिराम गायकवाड़, माननीय संसद सदस्य, लोकसभा एवं देशपाल सिंह राठौर, संस्थापक अध्यक्ष

राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड क्षेत्रीय कार्यालय, नई दिल्ली में हिंदी कार्यक्रम का उद्घाटन, 12 सितम्बर 2018 को

डॉ. सत्यनारायण जटिया, माननीय संसद सदस्य, राज्य सभा एवं उपाध्यक्ष, संसदीय राजभाषा समिति के साथ देशपाल सिंह राठौर

डॉ. सत्यनारायण जटिया, माननीय संसद सदस्य, राज्य सभा, उपाध्यक्ष, संसदीय राजभाषा समिति, सम्मेलन को संबोधित करते हुए

डा. सुनील बलिराम गायकवाड़, संसद सदस्य एवं सदस्य संसदीय हिंदी द्वितीय समिति के साथ श्रम सम्मेलन का उद्घाटन, कॉस्टीट्यूशन क्लब
30 जुलाई 2018

मेरी 30 वर्षों की समाज सेवा यात्रा

मेरी 30 वर्षों की समाजसेवा की एक कहानी है जो अत्यंत रोचक है। बात इस प्रकार है कि मैं दिसंबर, 1989 में कुछ पुस्तकें और कुछ कपड़े लेकर बरेली कॉलेज के हॉस्टल से भारतीय प्रशासनिक अधिकारी बनने के लिए दिल्ली आया था। जब मैं संघ लोक सेवा आयोग में परीक्षा पत्र दाखिल करने गया तो देखा कुछ लोग हिंदी का तंबू ताने बैठे हुए हैं, उनमें एक व्यक्ति मुझे कुछ परिचित लगे। जब मैंने उनसे पूछा तो उन्होंने अपना नाम राजकरण सिंह बताया, वे बाराबंकी के रहने वाले निकले। उनका जन्म सन 1954 ई, में हुआ था। मैं उनके पास बैठ गया। राजकरण सिंह ने मुझसे पूछा कि यहां किसलिए आए हो, मैंने आने का प्रयोजन बताया कि मैं कलेक्टर बनने के लिए यहाँ परीक्षा की तैयारी करने के उद्देश्य से आया हूँ। राजकरण सिंह ने कहा कि हम तो तुम्हारी लड़ाई पहले से लड़ रहे हैं। आप इस अंग्रेजी के महा समुद्र से कैसे पार पाओगे? मेरी बात समझ में आई और मैं चोरी छुपे धरने पर बैठने लगा, राजकरण सिंह मुझे सामने नहीं आने देते थे।

राजकरण सिंह कहते थे कि तुम्हें सरकारी नौकरी करनी है इसलिए कभी मेरे साथ फोटो मत खिंचवाना मुझे पुलिस पकड़ कर ले जाये, उस समय तुम मुझसे नहीं मिलना। क्योंकि राजकरण सिंह उत्तर प्रदेश के विष्णुपुरा गांव जनपद बाराबंकी के रहने वाले थे, जो मेरे गृह जनपद बरेली से कुछ किलोमीटर पर है इसलिए उनके साथ मेरा बहुत गहरा लगाव था। उन्होंने हिंदी के लिए 16 वर्षों तक अनवरत संघ लोक सेवा आयोग के सामने आंदोलन चलाया और 29 दिनों का आमरण अनशन किया जो विश्व में भारतीय भाषा के लिए सबसे बड़ा आंदोलन माना जाता है। जब हिंदी आंदोलनकारियों ने राजकरण सिंह का साथ छोड़ दिया और वह सीता राम बाजार में रहने लगे तब सात सालों तक मेरे साथ रहे और परिवर्तन जन कल्याण समिति द्वारा आयोजित हिंदी कार्यक्रमों में कार्यक्रम के अध्यक्ष रहे।

25 अक्टूबर 2011 को संस्था की ओर से 'राष्ट्र भाषा भारती' स्मारिका प्रकाशित करने के बाद वे विष्णुपुरा जाना चाह रहे थे उसी दिन यानी 25 अक्टूबर, 2011 की शाम को हमने साथ खाना खाया और उसके बाद उनके दर्शन नहीं हुए। मैं उनका अनुसरण करता रहा पढ़ाई भी की लेकिन भारतीय प्रशासनिक अधिकारी बनने में सफलता नहीं मिली। दिल्ली में रहकर कई और कोर्सेज किए पत्रकार बन गया और फिर परिवर्तन जन कल्याण समिति के नाम से 1999 में संस्था बनाई। 16 अगस्त 1988 से जो हिंदी का आंदोलन चला था वह दम तोड़ने लगा था। यह आंदोलन 2004 में समाप्त हुआ। हालांकि इस आंदोलन में तीन–तीन प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति शामिल हुए और वे सभी हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाना चाहते थे। सभी चाहते थे कि भारतीय प्रशासनिक सेवाओं की परीक्षाएं हिंदी एवं सभी भारतीय भाषाओं में हो लेकिन यह एक भ्रम बना रहा और यह आंदोलन अपनी बहु आयामी छाप नहीं छोड़ पाया। इसके लिए कई लोगों ने बड़ी–बड़ी कुर्बानियां दीं, विज्ञान भवन में हिंदी आंदोलनकारियों की पिटाई भी हुई श्री पुष्पेंद्र चौहान लोक सभा की दीर्घा से नीचे कूद गए।

राजकरण सिंह को कितने बार थाने में बंद किया गया, फिर छोड़ा फिर बंद किया गया यह क्रम चलता गया और आखिर राजकरण सिंह हिंदी का दर्द लेकर इस दुनिया से 31 अक्टूबर 2011 को चले गए।

हिंदी आंदोलन के समय ही मेरी मुलाकात श्री अनिल शास्त्री (पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री) के बेटे से हुई। मैं शास्त्री जी के जीवन से उस समय काफी प्रभावित हुआ और उनका जीवन दर्शन जानने के लिए उनके स्मारक ट्रस्ट जनपथ पर काफी समय तक अपनी सेवाएं दी। लाल बहादुर शास्त्री की समाधि पर मेरी भेंट पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह से हुई और उसी संबंध में पहली बार संसद भवन भी गया। 4 दिसंबर 2012 का दिन मेरे लिए राष्ट्रीय राजनीति में छा जाने का एक सुनहरा अवसर था। श्री श्याम रुद्र

पाठक के साथ मुझे श्रीमती सोनिया गांधी (उस समय यूपीए की चेयरपर्सन) के आवास 10 जनपद के सामने **'न्यायालय की भाषा हिंदी'** हो विषय को लेकर धरने पर बैठना था। क्योंकि उस समय के कांग्रेस पार्टी के दिग्गज नेता श्री ऑस्कर फर्नांडिस और श्रीमती सोनिया गांधी के विश्वासपात्र से मेरी व्यक्तिगत मित्रता थी। ऑस्कर जी मेरे कई कार्यक्रमों में अतिथि बनकर आ चुके हैं इसीलिए मैंने उनके दरवाजे पर धरना देना उचित नहीं समझा, लेकिन श्याम रुद्र पाठक अपनी जिद पर अड़ गए और धरने पर बैठ गए। उसी दिन शाम को पुलिस पकड़ कर श्याम रुद्र पाठक को तुगलक रोड थाने ले गई। थाने में जब मेरी मुलाकात श्याम रुद्र पाठक से हुई तो पाठक जी ने कहा कि देशपाल तुमने मुझे धोखा दिया। मैंने कहा भैया धोखा तो नहीं दिया है पर यह समय धरने पर बैठने के लिए मेरे लिए अनुकूल नहीं है। मैं हिंदी की लड़ाई के लिए और अधिक समय का इंतजार करना चाहता हूँ। श्याम रुद्र पाठक अकेले ही धरने पर बैठते रहे। रात को पुलिस पकड़ कर रोज तुगलक रोड थाने ले जाती रही। मैं उनसे मिलने बराबर जाता रहा। लेकिन 18, जुलाई, 2013 का दिन आया जब तुगलक रोड थाने की पुलिस ने श्याम रुद्र पाठक को जेल भेज दिया। श्याम रुद्र पाठक ने जमानत के लिए अर्जी नहीं दी इसलिए उन्हें 5 दिनों तक जेल में रहना पड़ा।

आज के परिदृश्य में मैं देखता हूं कि यदि मैं धरने पर बैठता तो मैं भारत सरकार के द्वारा कभी भी इस्पात मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति में नामित नहीं किया जाता। 4 दिसंबर 2012 से अच्छा दिन मेरे लिए 19 नवंबर 2016 आया जिस दिन मुझे इस्पात मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति में विशेष आमंत्रित सदस्य नामित किया गया। इस्पात मंत्रालय में नामित होकर मैंने राजभाषा हिंदी कार्यान्वयन के लिए बहुत से सुझाव दिए जिन्हें अधिकतर स्वीकार कर लिया गया।

अक्टूबर 2015 में मेरी मुलाकात श्री रवि चाणक्य, नरेंद्र मोदी विचार मंच, के संस्थापक अध्यक्ष से हुई। रवि जी ने मुझ से प्रभावित होकर मुझे बहुत जल्दी महा सचिव संगठन घोषित किया और दक्षिण भारत ;द्रविड़ प्रदेशोंद्ध के प्रदेशों की जिम्मेदारी संगठन को खड़ा करने की मुझे दी। रवि जी के साथ कार्य करके संघ के बड़े–बड़े पदाधिकारियों से मिला। हालांकि इससे पूर्व में कई सांसदों का सलाहकार सचिव रह चुका था। मुझे संसद के प्रश्न बनाने का बहुत शौक है। इसलिए मैं शौक के तौर पर श्री राधा मोहन सिंह, सांसद, कैप्टन जयनारायण प्रसाद, निषाद,श्री रघुराज सिंह शाक्य, सांसद श्री कमल किशोर, सांसद श्री भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, सांसद, श्री लक्ष्मण गिलुवा, सांसद एवं प्रदेश अध्यक्ष भाजपा, झारखंड, सदस्यों के संसदीय प्रश्न बनाने लगा।

इसी समय मैंने धार्मिक यात्राएं भी कीं हरिद्वार से लेकर मथुरा, बालाजी मेहंदीपुर, महाकालेश्वर उज्जैन, त्रंबकेश्वर, साईं बाबा, सिगनापुर नासिक, मीनाक्षी मंदिर मदुरई, रामेश्वरम, कन्याकुमारी, त्रिवेंद्रम, पद्मनाभस्वामी मंदिर, त्रिवेंद्रम, सबरीमाला, केरल के और कई मंदिर सोमनाथ, नागेश्वर, द्वारिका, पुरी उड़ीसा, जगन्नाथ, बाबा विश्वनाथ, औरंगाबाद, इंदौर, ओमकारेश्वर, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, मसूरी, देहरादून की धार्मिक यात्राएं संपन्न हुई।

मित्रो धार्मिक, सामाजिक यात्राओं से, अपने राजनीतिक जीवन से, राजभाषा हिंदी आंदोलन से, जो कुछ भी सीखा, अब वह समय आ गया है कि आप सबको ;समाजद्ध को वापस करूं। इसी उद्देश्य को लेकर यह न्यास बनाया है और यह न्यास मंच के रूप में आप सबके हाथों में देता हूँ। आप इस मंच का प्रयोग शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक न्याय की नीतियों में बदलाव व समग्र विकास, राजभाषा से राष्ट्रभाषा हिंदी बनाने के लिए कर सकते हैं।

सत्यमेव जयते

प्रधान मंत्री
Prime Minister

नई दिल्ली
आषाढ़ 26, शक संवत् 1941
17 जुलाई, 2019

श्री देशपाल सिंह राठौर जी,

2019 के लोकसभा चुनावों में भाजपा और एनडीए को मिली ऐतिहासिक जीत पर शुभकामनाएं भेजने के लिए धन्यवाद।

ये नतीजे इस बात का प्रमाण हैं कि देश की 130 करोड़ जनता ने एक बार फिर विकास की राजनीति और सुशासन को चुना है। देश की जनता ने एक मजबूत और स्थिर सरकार के पक्ष में मतदान किया है, जिसमें युवाओं की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने का सामर्थ्य है।

बीते पांच सालों में एनडीए सरकार ने जो अभूतपूर्व फैसले लिए हैं उनसे लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आए हैं। पिछले पांच वर्षों में जो कार्य हुए हैं उनसे मेरा यह विश्वास पक्का हो जाता है कि सच्ची लगन और मेहनत के दम पर हम सब मिलकर असंभव को भी संभव कर सकते हैं।

नई जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए हम संकल्पबद्ध हैं। हम जानते हैं कि हमें विकास का एक लंबा सफर तय करना है। हमने 2022 तक हर देशवासी को मकान उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा है। हमने किसानों की आय दोगुनी करने का भी लक्ष्य रखा है। भारत को 5 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला देश बनाने के लिए सरकार ने विस्तृत योजना बनाई है। युवाओं की प्रतिभा का बेहतर उपयोग हो सके इसलिए हम स्टार्ट-अप के क्षेत्र में विश्व के मंच पर भारत को नई पहचान दिलाना चाहते हैं।

हम 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मूल मंत्र के साथ आगे बढ़ रहे हैं। जनभागीदारी के जरिए विकास को गति देने के लिए हम पूर्ण रूप से समर्पित हैं। प्रगतिशील, विकासोन्मुखी और भ्रष्टाचार मुक्त सरकार के जरिए हम सशक्त, समृद्ध और संपन्न भारत के निर्माण के लिए कृतसंकल्पित हैं।

आपका

(नरेन्द्र मोदी)

श्री देशपाल सिंह राठौर
23/672, भूतल, डी. डी. ए. फ्लैट
मदनगीर, नई दिल्ली- 110062

वेणु राजामणि
राष्ट्रपति के प्रेस सचिव
Venu Rajamony
Press Secretary to the President

राष्ट्रपति सचिवालय,
राष्ट्रपति भवन,
नई दिल्ली -110004
President's Secretariat,
Rashtrapati Bhavan,
New Delhi -110004

संदेश

भारत के राष्ट्रपति श्री प्रणब मुखर्जी को यह जानकर हार्दिक प्रसन्नता हुई है कि परिवर्तन जनकल्याण समिति, दिल्ली द्वारा कान्सटीट्यूशन क्लब, विट्ठल भाई पटेल हाउस, रफी मार्ग, नई दिल्ली में नौवें हिंदी महाकुम्भ व साहित्य सृजन सम्मान सम्मेलन 2012 का आयोजन किया जा रहा है तथा इस अवसर पर 'राष्ट्रभाषा भारती स्मारिका' का प्रकाशन भी किया जा रहा है। उम्मीद है कि स्मारिका में हिंदी के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने के लिए उपयोगी एवं सुरुचिपूर्ण सामग्री प्रकाशित होगी।

राष्ट्रपति जी इस स्मारिका के सफल प्रकाशन के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हैं।

वेणु राजामणि

राष्ट्रपति के प्रेस सचिव

Tel. : +91-11-23016535 (Direct), 23015321 Extn 4322, Fax 23794498, E-mail-press.secy@rb.nic.in, presssecyrb@gmail.com

अर्चना दत्ता (मुखोपाध्याय)
राष्ट्रपति के विशेष कार्याधिकारी (जन सम्पर्क)
Archana Datta
(Mukhopadhyay)
OSD (PR) to the President

राष्ट्रपति सचिवालय,
राष्ट्रपति भवन,
नई दिल्ली -110004
President's Secretariat,
Rashtrapati Bhavan,
New Delhi -110004

सं. : 8 एम.एच./2011 दिनांक : 05 सितम्बर, 2011

प्रिय श्री राठौर जी,

कैप्टन जयनारायण प्रसाद निषाद, संसद सदस्य, लोक सभा के दिनांक 24.08.2011 के पत्र साथ महामहिम राष्ट्रपति जी को प्रेषित आपका दिनांक 23.08.2011 का पत्र प्राप्त हुआ, जिससे ज्ञात हुआ है कि परिवर्तन जन कल्याण समिति—दिल्ली द्वारा कान्सटीट्यूशन क्लब, विट्ठल भाई हाउस, नई दिल्ली में 26 सितम्बर, 2011 को हिंदी महाकुम्भ व साहित्य सृजन सम्मान सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है तथा इस अवसर पर एक स्मारिका का प्रकाशन भी किया जा रहा है। इसके लिए भारत की राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभा देवीसिंह पाटील का संदेश पत्र के साथ संलग्न है।

इस पत्र और संदेश के साथ भारत की राष्ट्रपति के अधिकृत फोटोग्राफ का प्रयोग इस संदेश को छापने के दौरान ही किया जाएगा।

संदेश जैसा है वैसा ही प्रयोग करना होगा। इसके पाठ में किसी भी प्रकार का परिवर्तन या परिवर्धन न करें और न ही इसके अनधिकृत प्रयोग की अनुमति है।

सादर,

भवदीया,

(अर्चना दत्ता)

श्री देश पाल सिंह राठौर,
अध्यक्ष,
हिंदी महाकुम्भ व साहित्य सृजन सम्मान सम्मेलन 2011,
परिवर्तन जन कल्याण समिति,
17/472, प्रथम तल, डी.डी.ए. फ्लैट,
मदनगीर, नई दिल्ली-110062

Tel. : 011-23016535(Direct), 23015321 Extn 4322, Fax 23794498, E-mail-osdad@rb.nic.in

विशेष कार्याधिकारी (जन सम्पर्क)
Officer on Special Duty (Public Relations)

राष्ट्रपति सचिवालय
राष्ट्रपति भवन
नई दिल्ली -110004
President's Secretariat
Rashtrapati Bhavan
New Delhi - 110004

संदेश

भारत की राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभा देवीसिंह पाटील को यह जानकर हार्दिक प्रसन्नता हुई है कि परिवर्तन जन कल्याण समिति, दिल्ली 20 सितम्बर, 2009 को 'हिंदी महाकुंभ व साहित्य सृजन सम्मान सम्मेलन-2009' के अवसर पर 'राष्ट्रभाषा भारती स्मारिका' का प्रकाशन किया जा रहा है।

राष्ट्रपति जी इस स्मारिका के सफल प्रकाशन के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करती हैं।

अ. हेना

विशेष कार्य अधिकारी (जन सम्पर्क)

सत्यमेव जयते

अध्यक्ष, लोक सभा
SPEAKER, LOK SABHA

नई दिल्ली
17 अगस्त, 2012

मुझे यह जानकर हार्दिक प्रसन्नता हुई कि परिवर्तन जनकल्याण समिति द्वारा आगामी 24 सितम्बर, 2012 को नयी दिल्ली में नौवां हिन्दी महाकुम्भ व साहित्य-सृजन सम्मान सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है और इस अवसर पर " राष्ट्रभाषा भारती स्मारिका " भी प्रकाशित की जाएगी।

